बरेली, सोमवार
2 नवंबर, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18+4=22

दैनिक जागरण

PAGE NO : IV MIDDLE

रिद्धिमा में कथक के रंगों से सजी 'रहस'



रिद्धिमा में प्रस्तुति दे रहीं कलाकार ● सौ. आयोजक

बरेली : एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार शाम आयोजित कथक प्रस्तुति 'रहस' में गुरुओं और विद्यार्थियों ने ठुमरी की रंगत पेश की। कार्यक्रम का आरंभ 'मोहे पनघट पे नंदलाल' से हुआ। गौरिका, नायरा, नितारा, करुणया, मीरा, अनुभूति, नित्या अग्रवाल, गौरवी, गुरनूर, खुशी, वर्णिका, नूपुर, सपना, नियति, सुषमा, तृप्ता और क्षमा ने 'सवार गिरधर मोरे', 'सब बनठन आई श्याम', 'कहे करात मोसे' और 'डगर चालत देखो श्याम' पर नृत्य किया। गुरु देबज्योति ने 'बिहारी को आपने बस कर पाऊं' और रियाश्री चटर्जी ने 'लट उलझी' पेश किया। देविशा मूर्ति ने 'कहे छेड़' पर प्रस्तुति दी। समापन में अंशु कुमार शर्मा और विद्यार्थियों ने 'चंचल चपल चतुर नर' प्रस्तुत किया।

अमरनाथ, ऋषभ आशीष पाठक, सीमा, पवन भारद्वाज, ध्रुव त्रिपाठी, प्रियंका ग्वाल और सात्विक मिश्रा ने संगत की। इस अवसर पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, उषा गुप्ता, डा. रजनी अग्रवाल, सुभाष मेहरा आदि मौजूद रहे। वि.